# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

## वित्त समिति की कार्यवाही

दिनांकः 17.08.2018 को अपरान्ह 05:30 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में आहूत वित्त समिति की बैठक की कार्यवाही :

बैठक में निम्नवत अधिकारीगण उपस्थित हुए।

| | |
|---|---|
| 1. प्रो0 योगेन्द्र सिंह, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. डॉ0 राम प्रकाश कुशवाहा, प्राचार्य (प्रतिनिधि, उच्च शिक्षा उ0प्र0 शासन) | सदस्य |
| 3. श्री विजय कुमार सिंह, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन, आजमगढ़(प्रतिनिधि, वित्त विभाग उ0प्र0 शासन) | सदस्य |
| 4. श्री आर.पी. सिंह, नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 5. श्री संजय कुमार, कुलसचिव | सदस्य |
| 6. श्री श्रीप्रकाश सिंह, वित्त अधिकारी | सदस्य–सचिव |

---

माननीय कुलपति जी द्वारा वित्त समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की वित्त अधिकारी को निर्देशित किया गया। वित्त समिति द्वारा मदवार निम्नाकित निर्णय लिये गये–

**मद सं0 1– वित्त समिति की बैठक दिनांक 22.02.2018 की कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार। वित्त समिति की तद्दिनांकित कार्यवाही सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है।**

वित्त समिति द्वारा दिनांक 22.03.2018 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही को सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्ट किया गया।

**मद सं0 2– वित्त समिति की बैठक दिनांक 22.02.2018 के मद सं0 5 के अनुपालन में परीक्षाफल के टेबुलेशन/कोलेशन, मूल्यांकन एवं उड़ाका दल आदि के सदस्यों हेतु परीक्षा समिति द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक/मानदेय की दरों के अनुमोदन पर विचार।**

वित्त समिति ने परीक्षाफल के टेबुलेशन/कोलेशन, मूल्यांकन एवं उड़ाका दल आदि के सदस्यों हेतु परीक्षा समिति द्वारा निर्धारित निम्नांकित पारिश्रमिक/मानदेय की दरों का अनुमोदन प्रदान किया–

| | |
|---|---|
| परीक्षा फल के कोलेशन/चेकिंग – | रू0 2/–प्रति छात्र। |
| मूल्यांकन टीम के समन्वयक/ संयोजक – | रू0 25000/– |
| मूल्यांकन टीम के सहसमन्वयक/सहसयोजक – | रू0 20000/ |

उड़ाका दल के सदस्यों को परिश्रमिक – रू0–500 / प्रतिपाली।
तृतीय श्रेणी कार्मिक – रू0 15000 / –
चतुर्थ श्रेणी कार्मिक – रू0 10000 / –

**मद सं0 3– विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों से वसूल किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के शुल्कों के अनुमोदन पर विचार।**

वित्त समिति ने सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों से वसूल किये जाने वाले निम्नांकित विभिन्न प्रकार के शुल्कों पर अनुमोदन प्रदान किया–

1. बैकपेपर / इम्प्रूवमेन्ट शुल्क रू0 500 प्रति छात्र
2. प्रवजन शुल्क रू0 300 प्रति छात्र
3. अस्थायी प्रमाण पत्र शुल्क रू0 300 प्रति छात्र
4. अंकतालिका शुल्क (द्वितीय प्रति हेतु) रू0 300 प्रति अंकतालिका
5. उपाधि शुल्क रू0 500 प्रति छात्र
6. उपाधि शुल्क (द्वितीय प्रति हेतु) रू0 300 प्रति छात्र
7. अंकतालिका संशोधन शुल्क (अतिरिक्त) रू0 100 प्रति अंकतालिका

**मद सं0 4– वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदित बजट(आय–व्यय) में परीक्षा सम्बन्धी विभिन्न मदों में छात्र संख्या के दृष्टिगत पूर्व में आवंटित धनराशि पर्याप्त न होने के कारण अतिरिक्त धनराशि आवंटित किये जाने पर विचार।**

वित्त समिति ने वित्तीय वर्ष 2018–19 के वार्षिक बजट (आय–व्ययक) में परीक्षा सम्बन्धी विभिन्न मदों में छात्र संख्या के दृष्टिगत पूर्व में विभिन्न मदों में आवंटित धनराशि के अतिरिक्त निम्नांकित मदों के सम्मुख अंकित अन्तिम स्तम्भ में अंकित धनराशि आवंटित किये जाने का निर्णय लिया–

| क्रं0 | मद का नाम | पूर्व आवंटन | अतिरिक्त आवंटन |
|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्रीय मूल्यांकन | 00 | 45 लाख |
| 2 | प्रश्न पत्रों का गोपनीय मुद्रण | 14.80 लाख | 35 लाख |
| 3 | परीक्षा संचालन | 64 लाख | 36 लाख |
| 4 | उत्तर पुस्तिका मुद्रण | 35.4 लाख | 25 लाख |

**मद सं0 5– शैक्षिक सत्र 2018–19 से विश्वविद्यालय परिसर में प्रारम्भ किये जाने वाले पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों तथा शिक्षकों आदि के उपयोगार्थ पुस्तकालय के लिये**

पुस्तकों/जर्नल एवं ई–जर्नल आदि के क्रय हेतु रू0 01 करोड़ का अतिरिक्त प्राविधान आयव्ययक 2018–19 में किये जाने पर विचार।

वित्त समिति ने वार्षिक बजट 2018–19 में विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्रों/शिक्षकों के उपयोगार्थ पुस्तकालय मद में रू0 01 करोड़ का अतिरिक्त प्राविधान किये जाने की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम चरण हेतु रू0 50 लाख पुस्तकों एवं जर्नल आदि के क्रय हेतु आवंटित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**मद सं0 6– विश्वविद्यालय परिसर में प्रारम्भ किये जाने वाले पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों हेतु क्लासरूम के फर्नीचर आदि की व्यवस्था किये जाने हेतु फर्नीचर मद में पूर्व में आवंटित 12.20 लाख के अतिरिक्त रू0 50 लाख की धनराशि का अतिरिक्त प्राविधान आय–व्ययक 2018–19 में किये जाने पर विचार।**

वित्त समिति द्वारा विश्वविद्यालय परिसर के क्लास रूम हेतु फर्नीचर आदि की व्यवस्था किये जाने हेतु फर्नीचर मद में पूर्व में आवंटित 12.20 लाख के अतिरिक्त रू0 50 लाख की धनराशि का अतिरिक्त प्राविधान आयव्ययक 2018–19 में किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**मद सं0 7– विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों आदि द्वारा दूरभाष की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रयोग में लाये जा रहे अपने निजी मोबाइल के बिल की प्रतिपूर्ति विश्वविद्यालय द्वारा किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने पर विचार।**

वित्त समिति द्वारा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अपने प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रयोग में लाये जा रहे अपने निजी मोबाइल के बिल की प्रतिपूर्ति निम्नानुसार अंकित धनराशि की सीमा तक विश्वविद्यालय द्वारा किये जाने हेतु स्वीकृति की गई–

| | |
|---|---|
| 1. कुलपति जी, | असीमित |
| 2. वित्त अधिकारी | रू0 1500/– |
| 3. कुलसचिव | रू0 1500/– |
| 4. उप/सहायक कुलसचिव | रू0 1000/– |
| 5. मूल्यांकन केन्द्र के समन्वयक/ डी.एस.डब्लू/कुलानुशासक | रू0 500/– |

SHOT ON MI A1
MI DUAL CAMERA

# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

## अनुपूरक कार्यसूची

**मद सं01–** विश्वविद्यालय से सम्बद्ध तीन विधि महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा एल.एल.बी. की उपाधि प्रदान किये जाने हेतु बार काउसिंल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली की गाइडलाइंन्स के अनुसार सम्बन्धित विश्वविद्यालय हेतु पंजीकरण एवं निरीक्षण हेतु निर्धारित शुल्क रू0 5,50,000/– की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में विचार।

वित्त समिति ने सम्बद्ध विधि महाविद्यालयों से प्राप्त होने वाले परीक्षा शुल्काय पर्याप्त न होने के कारण बार काउसिंल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली की गाइडलाइंन्स के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा पंजीकरण एवं निरीक्षण हेतु जमा किये जाने वाले निर्धारित शुल्क रू0 5,50,000/– समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों से बराबर–बराबर समान रूप से वसूल किये जाने पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।

**मद सं02– सत्र 2018–19 की परीक्षाओं में MCQ पैटर्न पर आधारित प्रश्नपत्रों को के निर्माण हेतु प्राश्निकों को दिये जाने वाले पारिश्रमिक रू0 25/– प्रति प्रश्न (एकल–भाषा) तथा रू035/– प्रति प्रश्न (द्वि–भाषा) के निर्धारण पर विचार।**

वित्त समिति द्वारा परीक्षाओं में MCQ पैटर्न पर आधारित प्रश्नपत्रों को के निर्माण हेतु प्राश्निकों को रू0 25/– प्रति प्रश्न (एकल–भाषा) तथा रू0 35/– प्रति प्रश्न (द्वि–भाषा) हेतु पारिश्रमिक प्रदान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की।

## अन्य बिन्दु (अध्यक्ष महोदय की अनुमति से)

**मद सं01–** वित्त अधिकारी द्वारा समिति को सूचित किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा फर्नीचर क्रय हेतु ई–टेण्डर किया गया परन्तु कोई भी टेण्डर प्राप्त न होने के कारण क्रय प्रक्रिया बाधित है अतएव कार्यालय एवं क्लासरूम के फर्नीचर गोदरेज मेक(प्रोपाइटरी आइटम होने के कारण) के क्रय किये जाने अनुमति प्रदान किये जाने का प्रस्ताव रखा।

वित्त समिति द्वारा शासनादेशानुक्रम में जेम पोर्टल से फर्नीचर क्रय किये जाने पर अपनी स्वीकृति प्रदान की तथा यह भी निर्णय लिया गया कि यदि गोदरेज मेक के फर्नीचर ही क्रय किये जाने हैं तो इसकी अनुमति सक्षम स्तर से प्राप्त करते हुए क्रय कार्यवाही सम्पन्न की जाये।

अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ वित्त समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

(श्रीप्रकाश सिंह)
वित्त अधिकारी/सदस्य सचिव

(प्रो0 योगेन्द्र सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष

SHOT ON MI A1
MI DUAL CAMERA